# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2026-27

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा-10 | विभाग: हिंदी | Date – 22.07.26 |
| **Study Material-5** | व्याकरण – वाक्य भेद & रूपांतरण | Note: Pl. file in portfolio |

**नामः ___________________अनुभागः _____अनुक्रमांकः _____दिनांकः ___________**

## वाक्य भेद & रूपांतरण

### TYPES OF SENTENCES & CONVERSION

**रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद हैं –**

1.सरल वाक्य/साधारण वाक्य (SIMPLE SENTENCE)

2.संयुक्त वाक्य (COMPOUND SENTENCE)

3.मिश्र वाक्य / मिश्रित वाक्य / जटिल वाक्य (COMPLEX SENTENCE)

**I.सरल वाक्य / साधारण वाक्य –** स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त होने वाला उपवाक्य ही सरल वाक्य है।

# There will be one subject(उद्देश्य) and one predicate(विधेय)

# उदाहरण- **जाना** – जाते ही, जाने पर, जाने से, जाकर, जाने के बाद, जाने के कारण आदि

राहुल घर जाते ही सो गया ।

सुबह होने पर पक्षी चहचहाने लगे ।

लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे।

2.**संयुक्त वाक्य –** जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र या मुख्य उपवाक्य समानाधिकरण योजक से जुड़े हों, वह संयुक्त वाक्य कहलाता है।

(Clue-Two independent sentences join with conjunctions in the middle)

**योजक शब्द**

And-और, तथा, एवं

Or-या, अथवा

So/ that's why- इसलिए

But- लेकिन, परंतु, किंतु, मगर, पर, बल्कि

Thus-अतः

Then also-फिर भी

Otherwise-अन्यथा, वरना

उदाहरण- मोनुमेंट के नीचे झंडा फहराया जाएगा **और** स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी।

राजू को बुखार था **इसलिए** वह स्कूल नहीं गया।

संकटों ने उसे हर तरफ़ से घेरा **किंतु** वह निराश नहीं हुआ ।

3.**मिश्र वाक्य –** वह वाक्य जिसमें एक प्रधान उपवाक्य हो और एक या अधिक आश्रित उपवाक्य हों, मिश्र वाक्य कहलाता है।

**CLUE**-

# all 'ज' words

जो……वह

जिसे …..उसे

जैसे ……..वैसे

जब……..तब

जहाँ …….वहाँ

जितना …..उतना

ज्योंही …..त्योंही

# यदि …..तो , अगर ……तो ( If)

# कि (that), क्योंकि ( because)

उदाहरण -जब सुबह हुई तब पक्षी चहचहाने लगे ।

जैसे ही राहुल घर गया वैसे ही वह सो गया l

यदि मैं प्रधान मंत्री होती तो देश का विकास करती l

शिक्षक ने कहा कि कल छुट्टी है l

मोहन स्कूल नहीं गया क्योंकि उसको बुखार था l

**उपवाक्य(CLAUSE)**

**प्रधान उपवाक्य और आश्रित उपवाक्य की पहचान**

*प्रधान उपवाक्य वह होता है जिसकी क्रिया मुख्य होती है ।(Main Clause)

*वह उपवाक्य जो प्रधान उपवाक्य पर निर्भर रहता है, उसे आश्रित उपवाक्य कहते हैं ।

आश्रित उपवाक्यों का आरंभ प्रायः 'कि', 'जो', 'जिसे', 'जैसे', 'जहाँ', 'जितना', 'जब', 'यदि', 'क्योंकि' आदि से होता है l(Dependant Clause)

**आश्रित उपवाक्य के भेद**

आश्रित उपवाक्य के तीन भेद होते हैं :-

1.संज्ञा आश्रित उपवाक्य (Noun Clause)

2.विशेषण आश्रित उपवाक्य (Adjective Clause)

3.क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (Adverbial Clause)

**1.संज्ञा आश्रित उपवाक्य** -जो उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की किसी संज्ञा या संज्ञा पदबंध के स्थान पर प्रयुक्त हुआ हो, उसे संज्ञा आश्रित उपवाक्य कहते हैं ।

(Clue-माता की इच्छा थी **कि** बेटा डॉक्टर बने । The part of the sentence before 'कि' is प्रधान उपवाक्य and the part of the sentence after 'कि' is संज्ञा आश्रित उपवाक्य)

**2.विशेषण आश्रित उपवाक्य** -जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है, उसे विशेषण आश्रित उपवाक्य कहते हैं ।

(**Clue**- 'जो', 'जिस', 'जिन' से प्रारंभ होनेवाले उपवाक्य)

उदाहरण – **जो** मेहनत करता है वह अवश्य सफल होता है । इस वाक्य में, उपवाक्य starts with 'जो' is विशेषण आश्रित उपवाक्य and the rest of the sentence is प्रधान उपवाक्य )

**3.क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य**-जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की क्रिया की विशेषता बताता है, उसे क्रियाविशेषण उपवाक्य कहते हैं ।

(**Clue**-'जैसे', 'जब', 'जहाँ', 'जितना', 'यदि', 'क्योंकि' से प्रारंभ होनेवाले उपवाक्य)

उदाहरण -जब तुम स्टेशन पर पहुँचे,तब मैं घर से निकला । इस वाक्य में **'जब तुम स्टेशन पर पहुँचे'** is क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य and **'तब मैं घर से निकला'** is प्रधान उपवाक्य ।